# बस्ता मुक्त दिवस (मासिक मेमो)

**राजस्थान को पहचानो – प्रथम शनिवार (05 अगस्त 2023) माहः– अगस्त**

| कक्षा समूह | गतिविधि का नाम | उद्धेश्य | कियान्वयन विवरण |
|---|---|---|---|
| अंकुर कक्षा 1 से 2 | एक कविता राजस्थान की मेरे भारत महान की | प्रचलित प्रमुख बाल–कविताओं बाल–गीतों तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना पर समझ बनाना। | सामग्रीः राजस्थान में प्रचलित बाल कविताओं, गीतों की किताब / चार्ट। गतिविधि कराने का तरीका – अध्यापक बच्चो सदनवार समूह बनाकर बैठा लेंगे तथा उनको एक या दो कविता / गीत (गाकर या स्पीकर में बजाकर) सुनायेंगे / बच्चे गीत,कविता का आनंद लेंगे। इसके बाद सभी समूह के बच्चों से एक–एक कविता को समूह में गाकर सुनाने को कहेंगे। इस प्रकार विभिन्न कविताओं के साथ इस गतिविधि को आगे बढ़ाया जायेगा। आरंभ मे अध्यापकों का सहयोग अपेक्षित है। गीत,कविता के उदाहरण –काल्यो कूद पड्यो मेले में, गडमच–गडमच करतो जाये गाडो जुआर को, सांभर झील से भराया भैरू मारवाड़ी ने। |
| प्रवेश कक्षा 3 से 5 | मेरा प्रदेश . मेरा वेश | विभिन्न स्थानीय वेशभूषा के बारे मे जानना तथा देश के अन्य प्रदेशो की पारम्परिक वेशभूषा से समानता व विभिन्नता को समझना। | आवश्यक सामग्रीः प्रचलित विभिन्न वेश भूषा पहनें लोगो के चित्र या वेशभूषा (यदि उपलब्ध हो) गतिविधि कराने का तरीकाः बच्चो को सदन वार समूह बनाकर बैठा लेंगे अब सभी बच्चों को राजस्थान व देश के अन्य प्रदेशों की विभिन्न वेश भूषाओं , आभूषण आदि के चित्र दिखायेंगे तथा उनके बारे में जानकारी देंगे। साथ ही भारतीय संविधान विविधता में एकता को किस प्रकार प्रोत्साहित करता है इस बारे में भी बताएँगे<br>अब समूह में विभिन्न वेशभूषाओं को पहने महिला / पुरुषों के चित्र बनाने की गतिविधि की जाएगी। यदि संभव हो तो बच्चे अपने घर से राजस्थानी पारंपरिक वेश भूषा पहनकर विद्यालय में आ सकते हैं / |
| दिशा कक्षा 6 से 8 | एक भारत,श्रेष्ठ भारत के रंग बिरंगे नृत्य | खेल खेल में राजस्थान व अन्य प्रदेशों में प्रचलित विभिन्न नृत्यों के बारे में समझ बनाना। | आवश्यक सामग्री– राजस्थान व अन्य प्रदेशों के विभिन्न नृत्यों को दर्शाते चित्र<br>गतिविधि कराने का तरीका – बच्चे सदन वार समूह में बैठ जायेंगे अब अध्यापक एक एक समूह को एक नृत्य का नाम देंगे जैसे घूमर , कालबेलिया, कत्थक जिसके बारे मे बच्चे विभिन्न जानकारी (जैसे नृत्य का प्रारंभ , इतिहास आदि)एकत्रित कर प्रस्तुतीकरण करेंगे साथ ही भारतीय संविधान विविधता में एकता को किस प्रकार प्रोत्साहित करता है इस बारे में भी बताएँगे।<br>(नृत्यों के बारे मे जानकारी अध्यापक पहले से ही विद्यालय मे विभिन्न जगहो पर प्रदर्शित कर देंगे ताकि बच्चो को जानकारी खोजने मे आसानी होगी।<br>वैकल्पिक गतिविधि – यदि संभव हो तो समुदाय से किसी नृत्य में प्रशिक्षित व्यक्ति को विद्यालय में आमंत्रित कर उनकी कला का प्रदर्शन किया जा सकता है। |
| क्षितिज कक्षा 9 से 10 | म्हारी झीलें | बच्चे राजस्थान व भारत देश की प्रमुख झीलों के बारे में जान पाएंगे। | आवश्यक सामग्री– राजस्थान व देश की विभिन्न मीठे , खारे पानी की झीलों के नाम व उनके स्थान व अन्य महत्वपूर्ण जानकारी की किताब अथवा इन्टरनेट से ली गयी जानकारियों के प्रिंट एवं चार्ट।<br>गतिविधि कराने का तरीका –बच्चो को सदन वार समूह बनाकर बैठा लीजिये अब शिक्षक छात्रों को विभिन्न झीलों व उनके स्थान (जैसे आना सागर झील – अजमेर,डल झील –कश्मीर ) उनके इतिहास आदि की जानकारी देंगे। साथ ही भारतीय संविधान विविधता में एकता को किस प्रकार प्रोत्साहित करता है इस बारे में भी बताएँगें। अब समूहवार बच्चो से एक चार्ट पर प्रमुख झीलों के स्थान, इतिहास, महत्ता आदि के बारे में प्रस्तुतिकरण करवा कर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा सकता है। सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतीकरण वाले सदन को विजेता घोषित किया जा सकता है। |
| उन्नति कक्षा 11 से 12 | राजस्थान के प्रमुख संस्थान देश की तरक्की में करें योगदान | बच्चे राजस्थान के प्रमुख संस्थानों व देश के विकास में उनके योगदान के बारे में जान पाएंगे । | आवश्यक सामग्री –राजस्थान के प्रमुख संस्थानों की जानकारी युक्त किताब अथवा इन्टरनेट से लिए गए जानकारीयुक्त प्रिंट (यदि उपलब्ध हैं तो)<br>गतिविधि कराने का तरीका – बच्चों को उचित बैठक व्यवस्था (सदन वार समूह में ) में बैठा कर अध्यापक राजस्थान के प्रमुख संस्थानों जैसे (एम्स–जोधपुर ) के बारे में चित्रों आदि के माध्यम से जानकारी देंगे। अब एक एक संस्थान का नाम प्रत्येक समूह को आवंटित कर दें। अब बच्चे उस संस्थान के बारे में विभिन्न जानकारियां व देश के विकास में किस प्रकार सहायता कर रहे साथ ही भारतीय संविधान के मूल्यों को किस प्रकार प्रोत्साहित करता है। " आदि एकत्रित कर उनका प्रस्तुतीकरण करेंगे तथा उन पर कुछ प्रश्न(कम से कम 5) तैयार करेंगे। सभी समूहों के प्रश्नों को साथ लेकर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा<br>अंत में जिस समूह ने सबसे ज्यादा सही उत्तर दिए होंगे उनको विजेता घोषित किया जायेगा। प्रारंभ में शिक्षक का सहयोग अपेक्षित है। |

# बस्ता मुक्त दिवस (मासिक मेमो)

**भाषा कौशल विकास (हिन्दी) – द्वितीय शनिवार (12 अगस्त 2023) माहः– अगस्त 2023**

| कक्षा समूह | गतिविधि | उद्धेश्य | कियान्वयन विवरण |
|---|---|---|---|
| अंकुर कक्षा 1 से 2 | मैं होता तो क्या करता ? | बच्चों में सोचने और बोलने का कौशल विकसित करना। | बच्चों को गोल घेरे में बैठा लें। अब शिक्षक हर बच्चे को एक जानवर का नामः चित्र कार्ड दें। एक–एक करके बच्चों को आगे बुलाएं। हर बच्चे को बताना है कि अगर वह यह जानवर होता तो क्या करता। ऐसी चीजें नहीं बता सकते जो आम तौर पर जानवर करते हैं। जैसे – अगर मैं शेर होता तो जंगल पर राज करता। । ऐसे जवाब की जगह बच्चों को कोई अनोखा जवाब सोचने के लिए प्रेरित करें। अगर मैं शेर होता तो मैं मगरमच्छ से दोस्ती करता और उसे पानी में रहने वाले जानवरों के बारे में पूछता। |
| प्रवेश कक्षा 3 से 5 | अलग–अलग किरदारों का इंटरव्यू | मौखिक भाषा के विकास और रचनात्मक सोच विकसित करना। | किसी–भी कहानी का कुछ पात्र चुनें। बच्चों को छोटे समूहों में बाँट दें। अब उन्हें इस कहानी को पढ़कर इन पात्रों से पूछने के लिए कोई तीन मजेदार प्रश्न को कहें। जैसेः खरगोश व कछुए की कहानी या बन्दर व मगरमच्छ। बच्चे कछुए /खरगोश /बन्दर /मगरमच्छ का इंटरव्यू लेने के लिए प्रश्न सोचें। फिर किसी–भी समूह से कोई एक बच्चा सामने आए उस पात्र का इंटरव्यू देने के लिए। समूह एक–एक करके सवाल पूछते हुए इंटरव्यू करें। इंटरव्यू देने लिए अलग–अलग बच्चों को अलग–अलग पात्रों के साथ मौका दें। हर 3 –4 प्रश्नों के बाद इंटरव्यू के लिए कोई दूसरा बच्चा आगे आए।<br>***नोटः कहानी पाठ्यपुस्तक या पुस्तकालय से किसी भी कहानी की किताब से भी चुनी जा सकती है। इंटरव्यू के लिए आने वाले बच्चे को दिए गए पात्र की तरह सोचना है।*** |
| दिशा कक्षा 6 से 8 | स्कूल की कहानी नन्हें रिपोर्टर की जुबानी | बोलने के कौशल और आत्मविश्वास विकसित करना। | इस गतिविधि में छात्रों को अपनी कक्षा और स्कूल में दिन–प्रतिदिन की गतिविधियों के बारे में जानकारी एकत्र करनी है। और उसके बारे में रिपोर्ट लिखनी है (जैसे न्यूज चैनल्स में – न्यूज रिपोर्टिंग)। गतिविधि शुरू करने से पहले शिक्षक बच्चों के साथ अच्छी रिपोर्ट लिखने और प्रस्तुतीकरण के टिप्स साझा करें। रिपोर्ट लगभग 1 मिनट की होनी चाहिए। हर बच्चा कक्षा के सामने आकर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा ।<br>बच्चों को आत्मविश्वास, मंच पर उपस्थिति, उच्चारण पर अंक दिए जा सकते हैं । |
| क्षितिज कक्षा 9 से 10 | कवि/लेखक परिचय | प्रस्तुति कौशल विकसित करना। | बच्चों को स्वयं कवि/लेखक बनकर अपना परिचय देना है। बच्चे कवि/लेखक के जीवन पर नाटक का आयोजन भी कर सकते हैं। इस गतिविधि को समूह में भी करवाया जा सकता है। कक्षा को दो समूह में बाँटकर विभिन्न कवियों और लेखकों के नामों की पर्ची दें। प्रत्येक समूह को कम से कम 2 कवियों या लेखकों के नाम देकर अभिनय करके को कहें।<br>उदाहरण के लिए – कबीरदास , तुलसीदास, सूरदास, महादेवी वर्मा , मिर्जा गालिब इत्यादि |
| उन्नति कक्षा 11 से 12 | बच्चों का रेडियो शो | एक टीम के रूप में गतिविधि की योजना बनाना, प्रस्तुति कौशल, व स्क्रिप्ट, विकसित करना। | बच्चों को 5 –6 के समूह में बाँट दें। इस गतिविधि में उन्हें अपना रेडियो–शो करना है। बच्चों को रेडियो कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए एक स्क्रिप्ट तैयार करनी है। रेडियो–शो में एक रेडियो जॉकी होना चाहिए, एक प्रसिद्ध के साथ एक साक्षात्कार सत्र होना चाहिए और ब्रेक के लिए चुटकुले, विज्ञापन, जिंगल, गाने,संगीत भी होने चाहिए। हर समूह को अपना प्रदर्शन प्रस्तुत करने के लिए 10 मिनट का समय दिया जाएगा। प्रत्येक समूह को समय सीमा का पालन करना होगा ।<br>अंत में शिक्षक को बताना कि कौन– कौन सा रेडियो–शो का प्रदर्शन सबसे अच्छा था और क्यों। |

# बस्ता मुक्त दिवस (मासिक मेमो)

भाषा कौशल विकास (अंग्रेजी) – द्वितीय शनिवार (12 अगस्त 2023) माहः– अगस्त 2023

| Class Group | Name of Activity | Objective of activity | Implementation of Activity |
|---|---|---|---|
| **Ankur Class 1 & 2** | **Pass the message/ Chinese Whisper** | **This activity focuses on enhancing the listening skills of students** | Split the class into two or more teams. Ask each team to sit in a line or in circle. The first child of each team comes up with a message/a word (based on the understanding level of students) such as '***Geeta is good at painting'*** and whispers it in the ear of the next child. The next child repeats the message to the third child, and so on. When the last child is reached, he/she has to share the message with the entire class. The team that gets the message right scores a point. This game is fun because by the time the word or sentence gets to the end of the class it is distorted. To start the game, the teacher can also give the first message. An alternative way is to bring a student from each team and secretly show them a written text and ask them to whisper it down the lineup of their teams. Instead of message, a word can also be given based on students learning level. Towards the end of the game, the teachers must explain the importance of active listening in learning and life in the classroom. |
| **Pravesh Class 3 to 5** | **Identify odd one out** | **Children will gain understanding of same sounds /rhyming words** | – Form 2-3 groups of equal number of children. Each group has to identify the different sounding word from a set of words spoken by the teacher such as sun, fun, run and ten. The teacher will give a set of three rhyming words and one non-rhyming word to each team one by one. The team that identifies the non-rhyming word will get a point.<br>***Examples –***Bin, Tin, pin, tap - Van, Ball, Fall, Tall - Bun, Sun, Bug, Run -Map, Cap, Bug, Nap - Bed, Pen, Red, Fed - Bug, Mat, Cat, Rat - Tap, Box, Nap, Lap |
| **Disha Class 6 to 8** | **Chit Chatter, Open Shutter** | **This activity focuses on building speaking, reading and creative thinking skills** | Teacher will prepare some slips of colours, animals, number, birds, familiar story names etc. Ask students to sit in a circle and put the slips in a box or bowl. The students will pass the box/ bowl to the next person while teacher will play music or clap. When the music / clapping stops, the child who is holding the box/ bowl will take out one slip, read the word, say atleast 5 words/sentences/small story (based on learning level of students) connected to it. |
| **Kshitij Class 9 to 10** | **Find me** | **This activity focuses on building vocabulary and speaking skills** | Spilt the class into 2-3 groups of equal number of children. The Teacher will say a word from their English book and all teams have to identify where it is written in the book, share its meaning and form a sentence. 3 points can be assigned if all three parts are answered correctly and likewise 2 points can be assigned for two correct parts etc. Teams can identify a leader who will be responsible for giving answers on behalf of the entire group.<br>This activity can be organized in the form of quiz whosoever finds the word first can tap or raise hands to answer. |
| **Unnati Class 11 to 12** | **I know my friend!** | **This activity focused on developing collaboration, creative, and language skills.** | Ask the students to work in pairs.<br>The students will ask their team-mate a few questions to understand more about them, like where were you born? Who are there in your family? What are their interests? What do they dislike? What were their happiest moments in life etc. After interviewing each other for 5 minutes, they will now write the character sketch of each other, (as they would do of any famous writer or poet). Allow them 10 minutes for doing so. They can prepare a poster as well. Then ask some students to read out what they have written.<br>Appreciate their efforts. |

# बस्ता मुक्त दिवस (मासिक मेमो)

**खेलेगा राजस्थान बढ़ेगा राजस्थान – तृतीय शनिवार (19 अगस्त 2023) माहः– अगस्त 2023**

| कक्षा समूह | गतिविधि का नाम | उद्धेश्य | क्रियान्वयन विवरण |
|---|---|---|---|
| अंकुर कक्षा 1 से 2 | रूमाल झपट्टा (समयावधि– 90 मि.) | सतर्कता, एकाग्रता व स्फूर्ति का संचार व समूह भावना का विकास करना। | सर्वप्रथम बच्चों को दो दलों में विभाजित करेंगे, दोनो दलों को आमने सामने खड़ा करेंगे। बीच में एक छोटा घेरा बनाकर उसमें रूमाल रखेंगे। दोनों दलों से एक–एक खिलाड़ी को बुलायेंगे। दोनो पहले रूमाल ले कर भागने का प्रयास करेंगे जब कोई एक खिलाड़ी घेरे से रूमाल उठाकर भागेगा तब दूसरा खिलाडी उसे दौडकर छू लेगा दूसरे खिलाड़ी का अंक मिल जायेगे अन्यथा रूमाल ले कर भागने वाला खिलाड़ी अंक पा लेगा। |
| प्रवेश कक्षा 3 से 5 | घोड़ा बादाम खायी पीछे देख मार खायी (समयावधि– 90 मि.) | सतर्कता, एकाग्रता व स्फूर्ति का संचार करना। | बच्चों को गोल घेरे मे घेरे के अंदर की तरफ मुंह करके बिठा दिया जायेगा, फिर एक बच्चा रूमाल ले कर घेरे के बाहर घूमेगा व किसी भी एक बच्चे के पीछे रूमाल को चुपचाप से छोड़ देगा ताकि उस बच्चे को पता न चले, व वापस घूमकर उसी बच्चे को उसी रूमाल से मारेगा व उसके स्थान पर बैठ जायेगा। यदि बैठे बाले बच्चे को पता चल गया तो वह बच्चा रूमाल उठाकर उस रूमाल रखने वाले बच्चे को पकड़ लेगा तो दोबारा उसी बच्चे की बारी होगी। |
| दिशा कक्षा 6 से 8 | रस्सा कसी (समयावधि– 90 मि.) | समूह भावना, शारीरिक विकास व प्रतियोगी भावना विकसित करना। | बच्चों का पांचो सदनवार समूहों मे बांट लिया जायेगा, (यदि बच्चों की संख्या कम हो तो सदनों को जोड़ा भी जा सकता है)। खेलने के लिये एक मजबूत रस्सी लेंगे जिसके मध्य मे एक कपड़ा या धागा बांध लेंगे। फिर दोनो टीमे रस्सी अपनी तरफ खींचेगी। जो टीम रस्सी अपनी तरफ खीच लेगी वह विजेता होगी। यह खेल गतिविधि सदनवार प्रतियोगिता के रूप में विद्यालय स्तर पर आयोजित की जा सकती है। |
| क्षितिज कक्षा 9 से 10 | लम्बी / ऊँची कूद या 100 / 200 मीटर दौड़ / अन्य व्यक्तिगत प्रतियोगिता | प्रतिभा पहचान व विभिन्न खेलों हेतु प्रोत्साहित करना। | बालक एवं बालिकाओं के अलग अलग समूह बनाकर उपलब्ध सुविधाओं व विद्यार्थियों की रूचि के अनुसार लम्बी कूद / ऊँची कूद या 100 / 200 मीटर दौड़ / अन्य खेलों की सदनवार प्रतियोगिता करवाना व विजेताओं को प्रोत्साहित कर उन्हे आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना। |
| उन्नति कक्षा 11 से 12 | बालीबॉल / खो–खो / कोई व्यक्तिगत प्रतियोगिता | सतर्कता, शारीरिक विकास, प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना। | बालक एवं बालिकाओं के अलग अलग समूह बनाकर उपलब्ध सुविधाओं व विद्यार्थियों की रूचि के अनुसार बालीबॉल / खो–खो / कबड्डी आदि खेलों का आयोजन करना, इन खेलों को सदनवार प्रतियोगिता के रूप मे आयोजित किया जाना व विजेताओं का मनोबल बढ़ाना। (क्षितिज समूह की तरह उन्नति समूह मे भी बालक व बालिओं की अन्य व्यक्तिगत् प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा सकता है) |

# बस्ता मुक्त दिवस (मासिक मेमो)

**मैं वैज्ञानिक बनूंगा –** **चतुर्थ शनिवार (26 अगस्त 2023)** **माहः– अगस्त 2023**

| **क्षा समूह** | **गतिविधि का नाम** | **उद्धेश्य** | **कियान्वयन विवरण** |
|---|---|---|---|
| अंकुर<br>कक्षा 1 से 2 | 1.आओं रंगो से खेले<br>2.पत्तियों को जाने | नये रंगो के बनने की प्रकिया को समझाना व पौधों की पत्तियों का अवलोकन कराना। | सदन वार बच्चों का समूह बनाकर तीन प्राथमिक( नीला, हरा एवं लाल) रंग की पन्नी के टुकडे लेना एवं बच्चों से उनके रंग के बारे में बातचीत करना। अब सदनवार ही विद्यार्थियों को उन पन्नियों के टुकडे देकर अलग– अलग रंग की पन्नियों को मिलाकर चश्मा की तरह देखना एवं रंगों के बारे में बात करना । जैसे हरा व लाल रंग की पन्नी मिलकर पीला रंग बनाती है। इसी प्रकार अलग–अलग रंग की पन्नियों को मिलाकर नया रंग की पन्नी बना सकते है।<br>3..अलग–अलग प्रकार की पत्तियों का अवलोकन कराना एवं बनावट के बारे में बात करना जैसे उनके बाहरी किनारे ,कटी–फटी, छोटी, बड़ी एवं शिरा विन्यास आदि। |
| प्रवेश<br>कक्षा 3 से 5 | 1.मेरे हाथ कितने साफ<br>2.मेरा गुब्बारा मेरा राकेट | स्वच्छता का महत्व पर समझ बनाना व किया प्रतिकिया के नियम को समझना। | सभी बच्चों से सामूहिक रूप से बैठाकर हाथों को SUMAN K (सीधा,उल्टा,मुठ्ठी,अंगूठा,नाखून एवं कलाई) के चरणों के हिसाब से धोने का डेमो देना एवं इसके चरणों पर बातचीत करना। इसके बाद कुछ विद्यार्थी सदनवार एक–एक थाली लेकर उसमें हाथ अच्छी तरह मलमल कर धोयेंगे एवं इस पानी को कांच के गिलास में भर देगें। उसके बाद दूसरे विद्यार्थी साबुन से हाथ धोकर वापस सादे पानी से थाली में हाथ धोंयेगें एवं इस पानी को कांच के दूसरे गिलास में भर देगें एवं दोनों गिलास के पानी में किस तरह का अन्तर दिखाई दे रहा है इस पर चर्चा करेगें। चर्चा के बिन्दु एक गिलास में पानी गन्दा क्यों दिखाई दे रहा है ?व दूसरे में साफ... क्यों ?<br>2.एक गुब्बारें मे हवा भरके उस पर एक कागज का छोटा पाईप बनाकर चिपका देगे एवं इसमें धागा लगा देंगे। अब धागे को कही दो जगह बांधकर गुब्बारे की हवा निकाल देगें गुब्बारा किया प्रतिकिया के नियम के अनुसार राकेट की तरह धागे पर दौड़ने लगता है।<br><br> |
| दिशा<br>कक्षा 6 से 8 | 1.आओं खेले और बनाये टेलीफोन<br>2. क्या डूबा क्या तैरा | ध्वनि के संचरण पर समझ बनाना व घनत्व के बारे में समझना | .दो पेपर ग्लास लेकर इसके तले मे ं एक छोटा छेद कर देते है एवं दोनो छेद में लगभग 20 से 30 फिट लम्बा धागा लगा देते है इसमें दोनों पेपर ग्लास की स्थिति विपरीत रहनी चाहिए एवं गिलास का खुला मुंह विद्यार्थी के बोलने की तरफ होना चाहिए।।एवं धागे को लम्बा करके दोनो पेपर ग्लास से बात कर सकते है। इसके बाद सदनवार अलग––अलग पात्रों पर रोल प्ले करना जैसे दुकानदार–व्यापारी, ग्राहक– सेल्समेन आदि । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | <br>2.मग्गा या बाल्टी में पानी लेकर विद्यालय परिवेश में उपलब्ध सामग्री को पानी मे डालकर डूबना तैरना की अवधारणा पर चर्चा करना। एवं डूबने व  तैरने पर खेल खेलना जैसे बच्चों को गोल घेरे मे खडा करके कुछ वस्तुओं के नाम बोलेगे। डूबने वाली वस्तुओ पर ताली बजाना एवं तैरने वाली वस्तुओं पर विद्यार्थी चुटकी बजायेगें। |
| क्षितिज<br>कक्षा 9 से 10 | 1.समस्याओं पर चर्चा करना एवं संभावित उपाय<br>2.इन्सपायर मानक अवार्ड पर चर्चा करना। | समस्या के समाधान कौशल का विकास करना | **आवश्यक सामगी**–मोबाईल, लेपटाप या संभव हो तो  प्रोजेक्टर 1. इन्सपायर मानक अवार्ड के बारे में चर्चा करना एवं पिछले वर्ष  राष्ट्रीय स्तर पर चयनित श्रेष्ठ आईडिया को यू–ट्यूब से विद्यार्थियों को दिखाना। https://youtu.be/7PsDhzgy4Vg2<br>अपने आस पास की समस्याओं को पहचाना एवं विद्यार्थियों के आइडिया लेना एवं सूची बनाना एवं चयनित विद्यार्थियों को इन्सपायर मानक पर कार्य करने के लिए आवश्यक सहयोग करना। |
| उन्नति<br>कक्षा 11 से 12 | 1.तम्बाकूं से बचाव की मुहिम | तम्बाकू रोधी मुहिम, जीवन में तम्बाकू की NO Entry,के बारे में समझ बनाना। | .विद्यार्थियों को सदनवार विभाजित करके तम्बाकू के सेवन से होने वाली हानियों के बारे में चर्चा करना एवं  तम्बाकू से शारीरिक, आर्थिक व सामाजिक दुष्प्रभाव पर भाषण एवं पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता का आयोजन करना।<br>साथ ही सदनवार  तम्बाकू के दुष्प्रभाव पर  रोल प्ले की  तैयारी कर प्रस्तूतिकरण देना। |

- *प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को विद्यालयों में एक भारत श्रेष्ठ भारत से संबन्धित गतिविधियों का आयोजन किया जाये।*
- *प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार को विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों हेतु उपभेक्ता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जायें। प्रत्येक माह के तृतीय व चतुर्थ शनिवार को कक्षा 3 तक के विद्यार्थियों हेतु निपुण भारत गतिविधियां आयोजित करवायें।*
- *नो बैग डे दिवस के दिन विशेष गतिविधियां– संविधान उद्देशिका एवं मुल कर्तव्यों का सामूहिक पाठन, सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता, तम्बाकू से बचाव की मुहीम संबन्धित गतिविधियां आदि।*
- *जुलाई, अक्टूबर व जनवरी माह के तृतीय शनिवार को विद्यार्थियों हेतु गुड–टच व बैड टच संबधित डॉक्यूमेट्री/शिक्षाप्रद फिल्म का प्रदर्शन/कार्यशाला आदि का आयोजन (2 घंटे अवधि) तक कराया जाना सुनिश्चित करें व जुलाई, सितम्बर व जनवरी माह के प्रथम शनिवार को सड़क सुरक्षा सम्बंधित गतिविधिं आयोजित करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।*
- *15 अगस्त, 26 जनवरी व 2 अक्टूबर के अतिरिक्त पंचांग में दर्शाये गये समस्त उत्सवों/जयन्तियों का आयोजन आगामी शनिवार को किया जाये। शिक्षकों व सक्रिय भागीदारी निभाने वाले विद्यार्थियों द्वारा विधिवत् रूपरेखा तैयार कर उक्त शनिवार से पूर्व ही पूरी तैयार कर ली जाये, ताकि बस्ता मुक्त दिवस के दिन समारोहपूर्वक गतिविधियों को आयोजित किया जा सके।*
- *माह के अंतिम शनिवार को समस्त गतिविधियों के उपरांत समस्त राजकीय विद्यालय में 40 मिनट अवधि तक शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा स्वैच्छिक श्रमदान किया जाये। पारम्परिक घरेलू कुटीर उद्योग का व्यवहारिक प्रदर्शन कारवाया जाये, जैसे मिट्टी के बर्तन या खिलौने बनाना, तकली कातना, चरखे का उपयोग इत्यादि। इस हेतु विद्यालय के आसपास से कारीगर/कलाकार/विषय–विशेषज्ञ को विद्यालय में आमन्त्रित कर प्रत्यक्ष प्रदर्शन करवाने कर प्रयास किया जा सकता है।*

---